
| PUNERJANI | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **S.NO.** | **ACTIVITY** | **Date** | | |
| 1 | Paver Block  By Waste material | 21-09-2024 | | |
| 2 | Plantation and Manav Shrinkhla | 02-10-2024 | | |
| 3 | Waste management seminar and workshop | 08-12-2024 | | |
| 4 | best out of waste | 1-05--25 | | |
| 5 | seed balls | 23-05-2025 | | |
| 6 | | | | |
| 7 | | | | |
| 8 | | | | |












Govt. Polytechnic college
CAMPUS
Placement Drive
&
Job Festival

दैनिक भास्कर
शाजापुर 22-09-2024

# कलेक्टर पहुंचे पॉलीटेक्निक कॉलेज, बच्चों से पूछा- कैसे वेस्ट सामग्री से बनाए पेवर ब्लॉक

## ब्लॉक जन भागीदारी समिति की बैठक ली दिए निर्देश

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा


वेस्ट पॉलीथिन का उपयोग कर बनाए पैवर ब्लॉक देखते कलेक्टर।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा के बच्चों ने गत दिनों वैस्ट पॉलीथिन और प्लास्टिक की बोतल का उपयोग कर पॉलीथिन ब्लॉक का निर्माण किया था। बच्चों द्वारा तैयार पॉलीथिन ब्लॉक का गत दिवस कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कॉलेज में आयोजित जनभागीदारी समिति की बैठक में पहुंचकर निरीक्षण किया।

बच्चों से पॉलीथिन ब्लॉक बनाने के तरीके को जाना, यहां पीआईयू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से पूछा कि यह तैयार पॉलीथिन ब्लॉक अपने निर्माण कार्यों के लिए खरीदी कर लगवा सकते है। अधिकारियों द्वारा इन ब्लॉक में मजबूती कम बताते हुए और परीक्षण कर मजबूत बनाने के बाद क्रय करने की बात भी कही। कलेक्टर सिंह ने बताया कि संस्था के बच्चों का इस पर प्रयोग चल रहा है और मजबूती के लिए उनके द्वारा कार्य किया जा रहा है। पूर्णतः के बाद इन पॉलीथिन ब्लॉक के लिए आगामी योजना पर विचार-विमर्श किया जाएगा। पर्यावरण को प्रदूषित करने वाली सिंगल यूज पॉलीथिन और प्लास्टिक की बोतलें कॉलेज परिसर में आकर गंदगी करती दिखाई देने पर संस्था के छात्र अभिषेक विश्वकर्मा, निश्चय पाटीदार ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में इन वेस्ट सामग्री के साथ रेत का उपयोग कर प्रयोगशाला की मशीन से उच्चताप सहने योग्य तीन किलो वजनी पेवर ब्लॉक बनाए थे। यह पेवर ब्लॉक बाजार में उपलब्ध सीमेंट क्रांक्रीट के पॉलीथिन ब्लॉक से 30 फीसदी सस्ते होने के साथ गुणवक्ता पूर्ण होना बताया था। भास्कर ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसके बाद कलेक्टर सिंह वहां पहुंचे थे और बच्चों को पॉलीथिन ब्लॉक मजबूत बनाने की दिशा के कार्य करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर सिंह की अध्यक्षता में जन भागीदारी समिति की बैठक का आयोजन भी किया गया। बैठक में संस्था प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने समिति सदस्यों के समक्ष संस्था के आवश्यक कार्यों से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों को प्रस्तुत किया, जिसमें संस्था को अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता, विद्यार्थियों के लिए जिम निर्माण, पार्किंग व्यवस्था के लिए सेट निर्माण, छात्रों के औद्योगिक भ्रमण, संस्था के ब्रांच की संबद्धता आदि पर चर्चा की। बैठक में राजीव शर्मा, कोषालय अधिकारी मनीष सोलंकी, अग्रणी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रेखा गुप्ता, सीएम राइस स्कूल के प्राचार्य संजीव उपाध्याय सहित छात्रों के अभिभावक मौजूद थे।

**दैनिक भास्कर** शाजापुर 02-10-2024



## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाकर बनाई मानव शृंखला



आगर-मालवा | स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया। इस क्रम में संस्था के विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पौधों को सुरक्षित रखने की शपथ ली। विद्यार्थियों ने मानव शृंखला बनाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। संस्था प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों के संस्था तथा समाज में स्वच्छता बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने मानव शृंखला बनाकर स्वच्छ भारत का प्रतीक चश्मा की आकृति बनाई। इसके साथ बैग में लगे पौधों से राष्ट्र ध्वज की आकृति का निर्माण किया। कार्यक्रम में संस्था के मयूर, शिखा पंचोली, रीना राजावत, अदिति गुप्ता, देवी सिंह विश्वकर्मा, धर्मेंद्र यादव, सीमा रावल, समीर मुल्तानी, स्टाफ सदस्य तथा विद्यार्थी मौजूद थे।

➢ Students of the Government  Polytechnic College Agar-Malwa formed a human chain and conducted a

<u>पुनर्जनी:</u>

तकनीकी शिक्षा कौशल विकास और रोजगार विभाग (म.प्र.) शासन नवीन पहल के अंतर्गत पुनर्जनी: के आधार पर संस्था में विद्‌यार्थियों को अपशिष्ट से कला अर्थात् अपशिष्ट का उपयोग कर विभिन्न प्रकार के उत्पादों को बनाने की शिक्षा दी जा रही है।

दैनिक भास्कर शाजापुर 08-12-2024

# शैक्षणिक भ्रमण पर बच्चों ने कचरा प्रबंधन के बारे में जाना



बच्चों को जानकारी देते हुए।

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में शनिवार को छात्रों ने नगर के ट्रेंचिंग ग्राउंड का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कचरा प्रबंधन, खाद निर्माण और 3 आर (रिड्यूज, रीयूज और रिसाइकल) अवधारणा के व्यावहारिक पहलुओं को करीब से समझा। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और सतत विकास की दिशा में प्रेरित करना था।

भ्रमण के दौरान ओम साई विजन संस्था के सुपरवाइजर अनिल डुगारिया ने 3 आर ( रिड्यूज, रीयूज और रिसाइकल) की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे कचरे को कम किया जा सकता है, उसका पुनः उपयोग कैसे किया जा सकता है। शैक्षणिक भ्रमण में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ. मनीषा शर्मा, रीना राजावत, अदिति गुप्ता, अनिल पाटीदार, अंकित गौड़, रविंद्र सोनी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने छात्रों को ट्रेंचिंग ग्राउंड में खाद बनाने की प्रक्रिया, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के अन्य व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया।

➢ Students were visited at Treching Ground to acquire knowledge related to RRR.


GOVT. POLYTECHNIC COLLEGE
Agar-Malwa (M.P.)
HUNAR
(Holiticaly Upskilling NARi-shakti)
"निपुर्णता की नई पहचान,

